सांवरिया की यारी रास आ गयी | by Bhavika Pagli

जब जब दिल घबराता है
मुझे श्याम नजर तू आता है
दिल की बात बताने तेरे पास आ गई
सांवरिया तेरी यारी मुझको रास आ गई

कैसी दुनियादारी बाबा कैसी रिश्तेदारी
हर रिश्ते पर हमने देखा श्याम है पैसा भारी
जब जब सोचूं ऐसा तेरी याद आ गई
सांवरिया तेरी यारी मुझको रास आ गई

बिन मतलब के सांवरिया यारी है सबसे निभाए
कर्मा धन्ना नरसी जैसे रिश्ते खूब निभाए
तेरा ऐसा प्यार सांवरे मेरी आंख भर गई
सांवरिया तेरी यारी मुझको रास आ गई

अपनी पगली को सांवरिया अपनी शरण में रखना
अपनी भक्ति का मेरे दिल में दीप जलाए रखना
तेरी रहमत की राही पर बरसात हो गई
सांवरिया तेरी यारी मुझको रास आ गई

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b8-%e0%a4%86-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a5%80-by/